औद्योगिक प्लॉट की स्कीम से होगी न्यू नोएडा की शुरुआत

प्राधिकरण ने स्कीम लॉन्च करने का खाका किया तैयार

नोएडा।दादरी-गाजियाबाद-नोएडा इनवेस्टमेंट रीजन (न्यू नोएडा) में पहली स्कीम औद्योगिक व लॉजिस्टिक प्लॉट की आएगी। यह प्लॉट सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के पास होंगे। नोएडा प्राधिकरण ने अस्थायी दफ्तर की जगह तलाशने के बाद योजना लाने का खाका तैयार कर लिया है। नियोजन विभाग की टीम अलग से न्यू नोएडा के लिए तैनात की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि मौके की जरूरत के लिहाज से औद्योगिक और लॉजिस्टिक उपयोग के प्लॉट पहली स्कीम में लाने का फैसला लिया गया है। इस तरह निवेश आने के साथ विकास शुरू होगा। आवासीय प्लॉट या ग्रुप हाउसिंग की स्कीम न्यू नोएडा में 2 साल तक नहीं आएगी। न्यू नोएडा को निवेश क्षेत्र की तरह ही विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण की कोशिश ज्यादा से ज्यादा निवेश खींचने की होगी। न्यू नोएडा का मास्टर प्लान-2041 प्रभावी हो चुका है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अस्थायी दफ्तर के लिए सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के पास जोखाबाद और सांवली गांव में जमीन देखी गई है। एम सीईओ डॉ लोकेश ने कहा कि अस्थायी दफ्तर के लिए दो जगह चिन्हित की गई है उसमें एक जगह का चयन जल्द ही पूरा होगा। ब्यूरो

निजी विकासकर्ताओं को लाने की तैयारी नहीं

न्यू नोएडा को विकसित करने के संभावित विकल्पों में निजी क्षेत्र से विकासकर्ताओं को बुलाकर अलग-अलग टाउनशिप विकसित कराना भी शामिल है। हालांकि प्राधिकरण की तरफ से स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल ऐसी कोई तैयारी नहीं है। प्राधिकरण सीधे स्कीम लाएगा। इससे हर वर्ग को रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध होगी।